प्रेस विज्ञप्ति 23.02.2023

उत्तर प्रदेश विधानसभा में हो रहे बदलावों के बीच जनसामान्य में यहां भ्रमण को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के अलावा अब दूसरे प्रदेशों से भी लोग उत्तर प्रदेश की विधानसभा देखने आ रहे हैं। इन सबके बीच आज मर्चेंट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों के एक 60 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा की कार्यवाही देखी। इसके बाद पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण किया।

मर्चेंट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अतुल कानोडिया के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने विधानसभा की कार्यवाही का सजीव अवलोकन किया। इसके बाद पूरे दल ने विधानसभा की गैलरी को देखा। इस दौरान मर्चेंट्स आफ उत्तर प्रदेश के सदस्यों ने डिजिटल वीथिका का भी अवलोकन किया और विधानसभा के इतिहास को भी समझा तथा वहां पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर अपनी अपनी फोटों भी खिंचवाई।

पूरे विधानसभा परिसर भ्रमण के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए उनकी नई कार्यशैली की सराहना की। सदस्यों ने कहा कि यूपी विधानसभा को देखकर हम सबको बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है। इसके लिए कानपुर मर्चेंट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश आपका आभारी है। पदाधिकारियों ने कहा कि मीडिया के माध्यम से लगातार यूपी विधानसभा में हो रहे बदलाव की जानकारी मिल रही थी। जिसके बाद बाद हम सबके मन में यहां आने को लेकर उत्साह था। उन्होंने कहा कि यूपी विधानसभा की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, जितना इसके बारे में सुना था, उससे भी यह बेहतर है।

इससे पूर्व मर्चेंट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने आज सुबह विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कामकाज को बेहतर बताते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिति की सफलता से प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर हो रहा है।

मर्चेंट्स चैम्बर से विधान सभा जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्री दिलीप अग्रवाल, श्री कपिल भाटिया, श्री नरेंद्र डालमिया, श्री सुशील शर्मा, श्री टीकम चंद्र सेठिया, श्री विजय पांडे, श्री मुकुल टंडन, श्री अनिल अग्रवाल, श्री आशीष चौहान, श्री तिलक राज शर्मा,श्री गुलशन धूपर, डॉ. राजेश मेहरा, अधिवक्ता- संतोष गुप्ता एवं चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी एवं अन्य सदस्य थे।

धन्यवाद